कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दिनांक : 28/04/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में
## ''पक्षियों के संरक्षण हेतु'' दाना पानी की व्यवस्था

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पक्षियों के संरक्षण हेतु दाना-पानी की व्यवस्था के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आज की गंभीर समस्या है। यह हमारे जीवन व प्रकृति के लिए बहुत हानिकारक है। मनुष्य के साथ पशु-पक्षी भी इससे प्रभावित होते है। वर्तमान में पर्यावरण असंतुलन के कारण भीषण गर्मी पड़ रही है। इस स्थिति को देखते हुए महाविद्यालय में पक्षियों के लिये दाना-पानी की व्यवस्था की गई है। पक्षी पर्यावरण का एक अभिन्न अंग है तथा उनके संरक्षण हेतु सभी को आगे आकर उनके देखभाल के लिए अपना योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. एम.एल. प्रसुन्ना, डॉ. लता मेश्राम, डॉ. ऋतु दुबे, श्रीमती ज्योति भरणे, श्रीमती वंदना बंजारे, श्रीमती कविता वैष्णव, डॉ. दीक्षा जोशी तथा भूगोल विभाग, प्राणीशास्त्र विभाग, वनस्पतिशास्त्र विभाग की छात्राओं ने गर्मी की भयंकरता को देखते हुए पक्षियों के बचाव हेतु मिट्टी के सकोरे में दाना-पानी डालकर पेड़ों की टहनियों में लटकाया, साथ ही सभी ने प्रतिदिन सकोरे में दाना-पानी डालने का संकल्प लिया।

महाविद्यालय के कर्मचारी श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर, श्री बल्ला वैष्णव का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

**टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)



